# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 25.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

मुख्य समाचार

- राजस्थान दिवस समारोह का शुभारम्भ आज बाडमेर से महिला सम्मेलन के साथ–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा विभिन्न योजनाओं की लाभ राशि हस्तान्तरित करेंगे।
- राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित।
- चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों का काम मिशन मोड पर पूरा किया जा रहा–फार्मासिस्टों के 2 हजार से ज्यादा पदों की वरीयता सूची जारी।
- मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेले की विधिवत शुरूआत आज से–पडोसी राज्यों से भी हो रही पशुओं की अच्छी आवक।

..................

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव का शुभारम्भ आज बाडमेर में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आदर्श स्टेडियम में होने वाले राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस दौरान 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ रूपये की एलपीजी सब्सिडी हस्तान्तरित की जायेगी। हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों की लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।

.....

आज से शुरू हो रहे राजस्थान दिवस समारोह के राज्यव्यापी कार्यक्रम 31 मार्च तक चलेंगे। इसी कडी में कल बीकानेर में किसान सम्मेलन होगा। इसमें किसान उत्पादक संगठनों का मेला भी लगेगा और तीस हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये का अनुदान बैंक खातों में हस्तान्तरित किया जायेगा। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे। वहीं दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में कल राजीविका मेले का उद्घाटन होगा। इसमें शिल्प मेला और फूड फेस्टिवल लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च

को मनाया जायेगा। इस दिन राजधानी जयपुर में भव्य सांस्कृतिक समारोह रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया हैं। कल मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में श्री शर्मा ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए राजस्थान दिवस गौरव की अनुभूति है। उन्होंने प्रदेश वासियों से राजस्थान को विकसित बनाने के लिए सेवा और समर्पण भाव से कार्य करने की बात कही।

..................

सोलहवीं विधानसभा का तीसरा सत्र कल सम्पन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया और ब्योरा समाचार कक्ष से।

..................

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वीर नारियों और वीरांगनाओं की शक्ति को नमन किया है। उन्होंने कल जयपुर मिलेट्री स्टेशन में सप्तशक्ति कमांड की ओर से आयोजित वीर नारी और वीरांगना मिलन समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में वीरांगनाआं की समृद्ध विरासत है और यहां 11 हजार 443 वीर नारियां हैं। समारोह में जयपुर, दौसा और अलवर जिलो की वीर नारियों ने हिस्सा लिया।

..................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के काम को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है। विभाग ने कल फार्मासिस्ट भर्ती के 2 हजार 347 पदों के लिए भी अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। फार्मासिस्ट के कुल 3 हजार 067 पदों में से 252 पद बैकलॉग के हैं तथा 468 पदों पर विभिन्न कारणों से परिणाम रोका गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि विभाग में करीब 50 हजार पदों पर भर्ती के काम को जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 8 कैडर के करीब 20 हजार 546 पदों पर नियमित भर्ती का काम बहुत कम समय में पूरा किया गया है। दंत ईसीजी और लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, सहायक रेडियोग्राफर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और नर्सिंग ऑफिसर के करीब 17 हजार पदों पर भर्ती का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया था।

नर्सिंग ऑफिसर के 720 पदों के लिए और 8 एएनएम की भर्ती का परिणाम भी जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार 214 एएनएम के नियुक्ति और पदस्थापन आदेश भी जारी कर दिए हैं।

...................

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश के सभी जिलों में सघन तपेदिक रोग उन्मूलन अभियान चलाने की घोषणा की है। इससे पहले यह अभियान चुने हुए उच्च प्राथमिकता वाले 455 जिलों में लागू था। नई दिल्ली में कल विश्व तपेदिक दिवस 2025 शिखर सम्मेलन में श्री नड्डा ने कहा कि एक सौ दिन के **टीबी मुक्त भारत अभियान** के दौरान लगभग 13 करोड़ लोगों की जांच की गई और इस बीमारी से पीड़ित सात लाख से अधिक नए रोगियों का पता चला। श्री नड्डा ने कहा कि भारत में तपेदिक रोग से उपचार का दायरा 59 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री तपेदिक मुक्त भारत अभियान के तहत इसके एक करोड़ 51 लाख से अधिक रोगियों का उपचार किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने तपेदिक यानि टीबी के **दस हजार आइसोलेट्स** की जीनोम सीक्वेंसिंग पूरी होने की घोषणा की है। डॉ. सिंह ने कल नई दिल्ली में संवाददताओं से बातचीत में इसकी जानकारी दी।

................

राजस्थान को टीबी उन्मूलन की दिशा में किये गये विशेष प्रयासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए एक समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में देश में तीसरे स्थान पर रहने पर राजस्थान को पुरस्कृत किया।

...................

सुप्रसिद्ध श्री मल्लीनाथ तिलवाड़ा चैत्री पशु मेला आज से बालोतरा में शुरू होने जा रहा है। जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ध्वजारोहण के साथ इसका विधिवत शुभारम्भ करेंगे।

...................

राज्य मे आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर रहने की संभावना है। इससे सीमावर्ती जिलों में तेज हवाएं चल सकती हैं और बादल छाए रहने के आसार हैं। अगले दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद उत्तरी हवाओं के प्रभाव से तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट हो सकती है। इस बीच, बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर गर्मी के तेवर तीखे रहे। सवाईमाधोपुर और झालावाड़ में धूप में काफी

तेजी रही। बाडमेर में पारा 41 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। वहीं जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस मापा गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि मार्च महीने में ही धूप की तपिश से लोग परेशान हो रहे हैं।

..................